1/नि०वि० स्था०–39/2025 ....4311

**बिहार सरकार**
**निगरानी विभाग**
**सूचना भवन, पटना।**

01/07/25

# संकल्प

**विषय :–** **विशेष निगरानी इकाई, बिहार, पटना में पुलिस उप–महानिरीक्षक के 01 (एक) रिक्त पद पर श्री विकास कुमार, वर्त्तमान पुलिस उप–महानिरीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, बिहार, पटना को सेवानिवृत्ति के उपरान्त संविदा पर नियोजित करने के संबंध में।**

श्री विकास कुमार, सेवानिवृत्त पुलिस उप–महानिरीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना को उनकी सेवानिवृत्ति दिनांक 30.06.2025 के उपरान्त विशेष निगरानी इकाई, पटना में पुलिस उप–महानिरीक्षक के रिक्त पद पर संविदा के आधार पर अगले एक वर्ष के लिए नियोजित किया जाता है।

2. इस पद पर नियोजन के विरूद्ध मानदेय की राशि का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 के प्रावधान के अनुरूप किया जायेगा।

3. संविदा नियोजन की अवधि में श्री कुमार को सभी पदीय शक्तियाँ (वित्तीय शक्तियाँ सहित) प्राप्त होंगी एवं सरकारी सेवकों की भाँति आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त क्षतिपूर्ति अवकाश भी अनुमान्य होगा।

4. उपरोक्त प्रस्ताव दिनांक 01.07.2025 को मंत्रिपरिषद् की हुई बैठक में स्वीकृत है।

**आदेश :–** **आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण के लिए इसे बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाये और इसकी प्रतिलिपि महालेखाकार, बिहार, पटना/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ भेजी जाये।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से
Rshankar 1/7/25
(रामशंकर)
सरकार के संयुक्त सचिव